राजकीय मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ 6 (96) 2015 / कार्मिक / प्रमुवसं /

निमित्त,

समस्त वनाधिकारीगण,
राजस्थान।

विषय : वनकर्मी शहीद दिवस 11 सितम्बर के कार्यक्रम अयोजित करने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान की वीरांगना **अमृता देवी** ने अपने 363 सहयोगियों के साथ वृक्षों को बचाने के लिये दिनाक 11 सितम्बर, 1732 को अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। वृक्षों की रक्षा हेतु बलिदान की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वन विभाग के 22 कर्मचारी एवं अधिकारीगण वन एवं वन्य जीवों की रक्षा करते हुए शहीद हो चुके है।

प्रतिवर्ष इन वन कर्मियों के बलिदान की स्मृति में इस दिवस को **वनकर्मी शहीद दिवस** के रूप में प्रत्येक जिले / वन मण्डल में मनाया जाता है। **वनकर्मी शहीद दिवस** के अवसर पर उक्तानुसार व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु मीडिया कर्मियों, जिला प्रशासन एव स्वयसेवी सस्थाओं का सहयोग लिया जाकर कार्यक्रम आयोजित किये जावे एवं उनकी सफलता भी सुनिश्चित की जाकर एक प्रतिवेदन तदोपरांत इस कार्यालय को भिजवावे।

भवदीय,

(अरिजीत बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 6 (96) 2015 / कार्मिक / प्रमुवसं / दिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है रू–

1. मुख्य वन संरक्षक, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि जयपुर शहर स्थित वनकर्मी शहीद उद्यान जलमहल, आमेर रोड पर दिनांक 11 सितम्बर 2023 को प्रातः 11.00 बजे मुख्य समारोह आयोजित करें।
2. उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर प्रकाशन हेतु।
3. निजी सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (वन बल प्रमुख) राजस्थान जयपुर।
4. समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण, अरण्य भवन एवं जयपुर स्थित समस्त कार्यालय।
5. नोटिस बोर्ड।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर

Document certified by ARIJIT BANERJEE <ariban@gmail.com>.

Digitally Signed by ARIJIT BANERJEE
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date :09-09-2024 02:49:51